# सुबह खिली रहती है धूप तो शाम को बारिश, मध्यप्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं तापमान 40 के पार

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल. 15 अप्रैल. सोमवार को मध्यप्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले. प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश हुई, तो कुछ जगह तापमान बढ़कर 40 डिग्री से उपर पहुंच गया. वही राजधानी समेत प्रदेश के कुछ जिलों में में दिन में तेज धूप के कारण गर्मी का अहसास हुआ, तो कुछ जिलों में शाम 5 बजे के बाद आकाश में छाने के बाद बादल बरस पड़े.**

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में जबलपुर, रतलाम, सिवनी और बैतूल में मध्यम बारिश हुई, तो कुछ जिलों में गर्मी अधिक रही. खजुराहो, धार, सतना और रतलाम में दिन का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया. खजुराहो और धार में सबसे ज्यादा 40.2 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया. भोपाल में दिन में तेज धूप के साथ उमस होने से गर्मी का अहसास हुअ, तो शाम को बादलों के बरसने से लोगों को राहत मिली. करीब 15 मिनट तक पानी गिरा। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के उपर से गुजरे द्रोणिका के कारण आगामी 18 अप्रैल तक मौसम में धूप-हल्की बारिश का दौर बने रहने की संभावना जताई है.



**इन जिलों में गरजे बादल**-मिली जानकारी के अनुसार रतलाम में भी तेज धूप के बाद शाम को अचानक से बरसे. पचमढ़ी में पारा 35 डिग्री से कम, इंदौर में 39 डिग्री, नरसिंहपुर, सिवनी और बालाघाट के मलाजखंड में पारा 35 डिग्री से कम रहा. वहीं भोपाल में 37 डिग्री, इंदौर में 39 डिग्री, ग्वालियर में 38.8 डिग्री, जबलपुर में 38 डिग्री और उज्जैन में पारा 39 डिग्री दर्ज किया गया. मंगलवार को दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक उछाल आ सकता है. मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक गर्मी का असर होने का अनुमान जताया है.

### चंदेरी में हुई सवा इंच बारिश

पिछले 24 घंटे में अशोकनगर, श्योपुरकलां, शिवपुरी, बैतूल, दमोह, बालाघाट, सागर, टीकमगढ़, मंडला, छतरपुर, शहडोल और सिवनी के 21 शहर और कस्बों में बारिश हुई. सबसे ज्यादा बारिश चंदेरी में सवा इंच, सागर के रेहटी में पौन इंच पानी गिरा. सिवनी में आंधी की रफ्तार 46 किलो मीटर प्रति घंटा रही. अशोकनगर में 37 किमी, नीमच, दमोह में 35 किमी, मंडला में 33 किमी, शिवपुरी, सिवनी, सागर और छिंदवाड़ा में 30 किमी प्रति घंटा से हवाएं चली. उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में 8 दिन से आंधी, बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है. 7 अप्रैल से लगातार प्रदेश में कहीं हल्की, तो कहीं तेज बारिश हो रही है. वहीं, आंधी चलने के साथ ओले भी गिर रहे हैं. सिस्टम की एक्टिविटी की वजह से रविवार को भी कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई.

# रामद्रोहियों और राम के पक्षधरों का चुनाव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में हुए शामिल

**राजगढ़/ ग्वालियर, 15 अप्रैल. इस बार का लोकसभा चुनाव रामविरोधी और राम के पक्षधरों के बीच का चुनाव है. कांग्रेस ने हमेशा से राम मंदिर को राजनीति करने का जरिया बनाया और हिन्दू-मुसलमानों को लड़ाकर केवल वोट बैंक की राजनीति की है.**

कांग्रेस में भी सबसे बड़े रामद्रोही दिग्विजय सिंह हैं, जो हर जगह रंग बदलकर बात करते हैं. कांग्रेस ने जब-जब सिंधिया परिवार के स्वाभिमान को चोंट पहुंचाई, तब-तब सिंधिया परिवार ने उन्हें धूल चटाई है. स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने भाजपा को स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. जब उनके स्वाभिमान को चोट पहुंची तो डीपी मिश्रा की सरकार को ललकारते हुए उन्हें धूल चटाई.



### ग्वालियर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के भविष्य को बुलंद करना है तो एक बार फिर ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कमल खिले, जिससे ग्वालियर के विकास का मार्ग प्रशस्त हो. पिछले 5 वर्षों में ग्वालियर के विकास की गति में काफी तेजी आई है, क्योंकि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है. विकास का एक नया कालखंड शुरू हुआ है. ग्वालियर का नाम और सम्मान बढ़े यह केवल मप्र के पटल पर नहीं राष्ट्र के पटल पर पहुंचे, इसके लिए कार्य हो रहा है.

ऐसा ही इतिहास वर्ष 2020 में ही दोहराया गया, जब कमलनाथ ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से कहा कि उतर जाओ सड़क पर और जब सिंधिया सड़क पर उतरे तो उन्होंने पूरी कांग्रेस को ही सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया. अब कांग्रेस हमेशा सड़क पर ही रहेगी. दिग्विजय सिंह 10 वर्षों तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन वे राजगढ़ का विकास नहीं करा सके. राजगढ़ का विकास किया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है. अब यहां पर अप्रैल के महीने में भी तालाब लबालब भरे हुए है. किसानों को पानी मिल रहा है. यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर और ग्वालियर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह की नामांकन जमा कराकर जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही.

## मतदान और मतगणना से 36 घंटे पहले बंद रहेंगी शराब दुकानें

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 15 अप्रैल.** 7 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान एवं मतगणना वाले दिन भोपाल जिले की सभी 87 शराब दुकानें और 60 बीयर बार 48 घंटे के लिए बंद किए जाएंगे. जिला प्रशासन ने मतदान एवं मतगणना वाले दिनों को शुष्क दिवस घोषित किया है. जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं. जारी आदेश के अनुसार, 7 मई को होने वाले मतदान से 36 घंटे पहले यानी पांच मई को शाम छह बजे शराब दुकानें बंद हो जाएंगी, जो मतदान खत्म होने तक बंद रहेंगी. इस दौरान भांग एवं भांग घोटा दुकानों को छोड़कर रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलयन लब बार, सैनिक थोक और फुटकर कैंटीन, रिटेल आउटलेट के अलावा देशी और अंग्रेजी शराब के वेयर हाउस भी बंद रहेंगे.


# झूठी गारंटी पर भाजपा को करारा जवाब दें

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले- कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं**

**जीतू पटवारी, अरूण यादव और अजय सिंह ने जनसभा को किया संबोधित**

**भोपाल/ ब्यौहारी, 15 अप्रैल. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने ब्यौहारी (शहडोल) में सीधी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में सम्मिलित होकर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया.**

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के साथ बरमबाबा (सीधी) में सीधी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में शामिल हुए एवं उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया. पटवारी ने जनता से आग्रह किया कि कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा में भेजें तथा केंद्र तथा राज्य की झूठी गारंटी पर भाजपा को करारा जवाब दें. पटवारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा के साथ केसवाही (शहडोल) में भी आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी मतदाताओं से शहडोल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को के पक्ष में मतदान करने की अपील की.



### मप्र आदिवासी अत्याचार में नंबर एक पर

पटवारी ने कहा कि लगातार भाजपा की सरकार आदिवासी भाई बहनों की रक्षा करने में असफल हुई है इसका प्रमाण है एनसीआरबी का वो डाटा जिसके अनुसार मध्य प्रदेश आदिवासी अत्याचार में नंबर एक पर है. पटवारी ने जनता से आग्रह किया कि भारतीय जनता पार्टी के वह नेता जिन्होंने 2700 रूपये में गेहूं, 3100 रूपये में धान, 450 रूपये में सिलेंडर तथा 3000 रूपये लाड़ली बहन को देने के झूठे वादे करके आपसे वोट ले लिए उनसे अब हिसाब मांगने का समय है तथा भाजपा के नए झूठों का प्रतिकार करने का भी समय है.

### एक नजर में

## अमित शाह आज छिंदवाड़ा में रोड शो करेंगे



भोपाल. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 अप्रैल को छिंदवाड़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे. इस दौरान रोड शो में शामिल होंगे. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी 16 अप्रैल को शाम 5.30 बजे छिंदवाड़ा के फव्वारा चौक से बड़ी माता मंदिर, छोटी बाजार तक रोड शो में शामिल होंगे.

## सीएम की मौजूदगी में सिंधिया आज भरेंगे नामांकन पत्र

शिवपुरी. मध्यप्रदेश के गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में शिवपुरी जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन



पत्र दाखिल करेंगे. जिला भाजपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सिंधिया कल शिवपुरी जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करेंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत शर्मा भी उपस्थित रहेंगे. दोपहर में मुख्यमंत्री यहां एक आमसभा को भी संबोधित करेंगे.

# स्लोगन स्पर्धा के लिए प्रवृष्टि आमंत्रित

## प्रतियोगिता में शामिल होने की तारीख 25 अप्रैल है

**भोपाल, 15 अप्रैल. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.**

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है. उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि एमपी. माईगव.इन पोर्टल पर भेजनी होगी. इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी. गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे. विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 51,000 रूपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार के लिए 21,000 रूपये एवं प्रमाण पत्र तृतीय पुरस्कार के लिए 11,000 रूपये एवं प्रमाण पत्र तथा 10 प्रतिभागियों को 5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा.

# मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरू बनेगा भारत

## पूर्व सीएम ने सीधी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित



**भोपाल, 15 अप्रैल. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सीधी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा के समर्थन में रोड-शो कर जनसभा को संबोधित किया.**

वहीं राजगढ़ लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया. साथ ही चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ नागर का नामांकन दाखिल करने भी पहुंचे. इस दौरान पूर्व सीएम ने कांग्रेस पार्टी और राजगढ़ के कांग्रेस के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला बोला.

### मामा-मामा की गूंज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सीधी में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा के समर्थन में रोड-शो किया. रोड-शो में शिवराज की झलक पाने के लिए लोग आतुर नज़र आए. पूर्व सीएम का रोड-शो जिस गली, जिस मौहल्ले, जिस नगर और जिस चौहारे से गुजरा वहां लोगों ने उन पर फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया. बड़े-बुजुर्गों ने शिवराज के सिर पर हाथ रख उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया.

# 15 ने भरे नाम निर्देशन पत्र

## कुल 22 अभ्यर्थियों ने दाखिल किये 27 नाम निर्देशन पत्र

**भोपाल, 15 अप्रैल. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से जारी है.**

तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के दूसरे दिन सोमवार को 15 अभ्यर्थियों ने 19 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये. गत 12 अप्रैल से अब तक 22 अभ्यर्थियों द्वारा 27 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया है कि 15 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-3 ग्वालियर में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-5 सागर में 2 अभ्यर्थी द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-18 विदिशा में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-20 राजगढ़ में 5 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये. शेष लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-1 मुरैना, लोस संसदीय क्षेत्र क्रमांक-2 भिण्ड (अजा) एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-4 गुना में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया.

# तीन महीने तक काले कोट से मुक्त रहेंगे वकील

## गर्मी को देखते हुए बार कौसिंल ने अधिवक्ताओं को दी राहत

नवभारत न्यूज

**भोपाल. 15 अप्रैल. प्रदेश के वकीलों को गर्मी में राहत देते हुए मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर ने अहम फैसला लिया है. अब गर्मी के अगले तीन माह तक वकील बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे. इस संबंध में अधिवक्ता परिषद ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं.**



ऑल इंडिया बार कौंसिल ने अपने नियमों को शिथिल करते हुए अदालत परिसर में वकीलों को गर्मी में बिना काला कोट पहने प्रैक्टिस करने की अनुमति प्रदान कर दी है. मप्र स्टेट बार कौंसिल ने इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया है. परिपत्र के अनुसार प्रदेश भर की निचली अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले वकील गर्मी के मौसम में अब 15 अप्रैल से लेकर 15 जुलाई तक बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे. मध्यप्रदेश के जिला न्यायालयों और उनके अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी कर सकेंगे. इससे भीषण-गर्मी से परेशान हो रहे वकीलों को काफी राहत महसूस होगी.

## मायावती की 19 को रीवा में जनसभा

**भोपाल, 15 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 में से 26 सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अब चुनाव प्रचार में ताकत लगा रही है. पार्टी का सबसे अधिक फोकस उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी लोकसभा सीटों पर हैं. पार्टी प्रमुख मायावती की इस चुनाव में पहली सभा 19 अप्रैल को रीवा में होने जा रही है. यहां से वह रीवा और सतना दोनों सीटों को साधेंगी. यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है. इसके बाद तीसरे चरण में शामिल मुरैना लोकसभा सीट में वह 28 अप्रैल का जनसभा करेंगी. यहां सात मई को मतदान होगा. लोकसभा चुनाव में रीवा से तीन बार और सतना से एक बार बसपा जीत चुकी है.

# सम्रद्धि और शक्तिशाली भारत भाजपा का वादा

## प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. मिश्रा बोले-शरीयत कानून कांग्रेस का इरादा

**ग्वालियर, 15 अप्रैल.भाजपा के स्टार प्रचारक व पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र ही उसका चरित्र बताता है.**

हमारा घोषणा पत्र में शांति,समृधि व शक्तिशाली भारत का वादा है, वही कांग्रेस का घोषणा पत्र बताता है कि उसका शरीयत कानून लागू करने का इरादा है. भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ मिश्रा ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 साल में बदले भारत की तस्वीर दिखती है.



### मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाया

डॉ. मिश्रा ने कहा कि 2014 से पहले देश में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब कई बार कश्मीर के लाल चौक में भारत का झंडा नहीं फहराने दिया गया. लेकिन नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद लाल चौक में हजारों लोग एकत्रित होकर स्वतंत्रता दिवस से लेकर गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में तिरंगा झंडा फहरा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर के लाल चौक से लेकर भारत ने चांद तक में झंडा फहराया है.

**आरोप** | **दमुआ, जामई व देलाखारी की सभा में उमड़ा जनसैलाब**

# भाजपा के शासन में सबसे ज्यादा खदानें हुईं बंद

**छिन्दवाड़ा, 15 अप्रैल. रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये कांग्रेस ने उद्योग स्थापित किये अथवा खदानें प्रारम्भ कराई वह सब सरकार की गलत नीतियों के कारण या तो बंद हो रही है या फिर उनका निजीकरण किया जा रहा है.**

आप सभी इस बात के गवाह है कि पिछले 10 वर्ष में सबसे अधिक खदानें बंद हुई है. किन्तु चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हम मिलकर ये हालात भी बदल लेंगे. उक्त उदगार आज पूर्व सीएम कमलनाथ ने आयोजित जनसभाओं में व्यक्त किये. पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि कांग्रेस ने नौजवानों के लिये रोजगार के जो इंतजाम किये भाजपा उन्हें खत्म करने पर तुली हुई है. खदानें या तो बंद हो रही या फिर उनका निजीकरण किया जा रहा है. अधिकांश क्षेत्रों में यही स्थिति है.



भाजपा के केंद्रीय नेताओं के इशारों पर अनेकों छोटे-बड़े तथाकथित व कुत्सित नेताओं का छिंदवाड़ा आना जारी है, लेकिन यह भाजपा की करनी का फल ही है कि इनका हर रंगा हुआ व्यक्ति जिले की जनता के सामने आते ही अपना रंग छोड़ रहा है और इस बौखलाहट का मूल कारण 50 प्रतिशत कमीशन का सार्वजनिक हो जाना है.

# लोकतांत्रिक संस्थाओं की हत्या कर रही भाजपा

## पूर्व कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने प्रेस वार्ता को किया संबोधित

**सागर, 15 अप्रैल. केंद्र और प्रदेश सरकार की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं की हत्या करने में जुटी हुई है. पहले लोग सरकार से या तो खुश रहते थे या नाराज लेकिन पिछले 10 साल में पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि लोग सरकार से डरे हुए हैं.**



यह बात कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने आज सागर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही. चौधरी ने कहा कि भाजपा हर तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों को समाप्त करने में जुटी हुई है. एक सवाल के जबाव में चौधरी ने कहा कि सरकार आने पर कांग्रेस सामाजिक, आर्थिक, जातीय जनगणना करायेगी जिसमें सभी वर्गों के कमजोर तबकों के लिए कार्यक्रम बनाए जायेंगे. उन्होने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को नगरीय निकाय और पंचायतों में आरक्षण दिया है. अब लोस और विधानसभा में भी 2025 से आरक्षण देगी. चौधरी यहां कांग्रेस के न्याय पत्र की जानकारी देने के लिए आए थे. उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है तो कांग्रेस का न्याय पत्र अधिकार की गारंटी. कांग्रेस छोडक़र जा रहे नेताओं से संबंधित सवाल पर लोस प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला ने कहा कि यह अच्छा ही है कि पार्टी में रहकर वह पीठ में छुरा घोंपते तो पहले ही निकल गए.

## चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक कर सकेंगे व्यय

**भोपाल, 15 अप्रैल.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है. इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है. राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा. सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग, प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे.